लखनऊ विश्वविद्यालय
University of Lucknow
(Accredited A++ by NAAC)

University in News on 15 September 2023

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

बीटेक के नए छात्रों को मिलेगी मल्टीपल एंट्री-एग्जिट की सुविधा

लविवि : इंजीनियरिंग संकाय के सभी पाठ्यक्रमों में एनईपी 2020 लागू

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग संकाय के बीटेक पाठ्यक्रम में वर्तमान सत्र में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों को मल्टीपल एंट्री-एग्जिट की सुविधा मिलेगी।

इंजीनियरिंग संकाय के सभी पाठ्यक्रमों वर्तमान सत्र से नई शिक्षा नीति का क्रियान्वयन शुरू किया जा रहा है। नई शिक्षा नीति के लागू हो जाने से नवप्रवेशित विद्यार्थियों को दो बड़े फायदे मिलेंगे। एक यह कि उन्हें मल्टीपल एंट्री-एग्जिट की सुविधा मिल जाएगी, दूसरा उनकी शिक्षा में बाधा नहीं उत्पन्न होगी। लविवि में मंगलवार को हुई विद्यापरिषद की बैठक में इस प्रस्ताव को स्वीकृति मिल गई। इसके बाद वर्तमान सत्र के समस्त प्रवेश नई शिक्षा नीति के आधार पर किए जाएंगे। इसके साथ ही यहां बीसीए पाठ्यक्रम में भी पहली बार एनईपी लागू होने जा रही है। लविवि के अलावा इससे जुड़े हुए कई कॉलेजों में बीसीए पाठ्यक्रम चलता है। ऐसे में वहां भी छात्र एनईपी के आधार पर इस पाठ्यक्रम में शिक्षा ग्रहण कर पाएंगे। लविवि देश का पहला विश्वविद्यालय बना था, जिसने एनईपी 2020 को लागू किया था। इस वर्ष इसका पहला बैच उत्तीर्ण होने का गौरव भी विवि को प्राप्त हो जाएगा। इंजीनियरिंग संकाय के अध्यक्ष प्रो. अशोक कुमार सिंह ने बताया कि संकाय में एनईपी लागू होने से छात्र के बीच में पाठ्यक्रम छोड़ने पर उसे कोई नुकसान नहीं होगा।

यह होगा फायदा

बीटेक में एनईपी लागू होने से छात्र को सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि यदि वह पहले वर्ष में पाठ्यक्रम छोड़ता है तो उसे सर्टिफिकेट दिया जाएगा। दूसरे वर्ष में छोड़ता है तो डिप्लोमा मिलेगा और तीसरे वर्ष में छोड़ता एडवांस डिप्लोमा मिलेगा। इसके साथ ही वह अगर पाठ्यक्रम पूरा करता है तो उसे बीटेक विद रिसर्च की उपाधि मिलेगी। इसके साथ वह एक वर्ष के परास्नातक पाठ्यक्रम में दाखिले का पात्र भी हो जाएगा।

■ आठ पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन पढ़ाई

लविवि में वर्तमान सत्र से पीजी के आठ पाठ्यक्रमों में ऑनलाइन पढ़ाई करके डिग्री प्राप्त की जा सकेगी। इन आठ पाठ्यक्रमों में एआईएच, संस्कृत, अर्थशास्त्र, एमकॉम, समाजकार्य, राजनीति विज्ञान, एमबीए और अंग्रेजी पाठ्यक्रम शामिल होंगे। इन सभी पाठ्यक्रमों को विद्यापरिषद की बैठक में ऑनलाइन माध्यम शुरू करने की अनुमति प्रदान की गई है।

लविवि कराएगा बोन्साई की पढ़ाई

लखनऊ। लविवि स्नातक पाठ्यक्रम में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों को बोन्साई पौध पालन, बागवानी और लैंडस्केपिंग की पढ़ाई कराएगा। छात्र इन पाठ्यक्रमों का चयन अपने प्रारंभिक चार सेमेस्टरों में कर सकेंगे, जिससे उनमें अधिक बहुआयामी अन्तरविधा का विकास हो सकेगा। वहीं, पांचवें सेमेस्टर में छात्रों को एक प्रमुख मुख्य विषय का चयन करने का विकल्प मिलेगा। यह पहले चार सेमेस्टरों में पढ़े गए दो मुख्य विषयों में से एक होगा। इस चयन के बाद छात्रों को सेमेस्टर 5 में अपने प्रमुख मुख्य विषय में 4-6 सप्ताह की इंटर्नशिप या एक टर्म पेपर या माइनर प्रोजेक्ट करने का प्रावधान किया गया है। यह सभी प्रावधान लविवि ने हाल ही में अपने संशोधित यूजी अध्यादेश में किया है। (संवाद)

तीसरा सीट आवंटन जारी

लखनऊ। लविवि में परास्नातक प्रवेश प्रक्रिया के क्रम में बृहस्पतिवार को एलएलबी, एमबीए व एमटीटीएम में तीसरा सीट आवंटन जारी कर दिया गया। अभ्यर्थी विवि की वेबसाइट के एडमिशन पेज में जाकर सीट आवंटन से जुड़ा विवरण अपनी लॉगइन आईडी एवं पासवर्ड के माध्यम से देख सकते हैं। जिन्हें सीट आवंटित हो गई है उन्हें 16 सितंबर मध्यरात्रि तक वेबसाइट पर ऑनलाइन फीस जमा करनी होगी। (संवाद)

कई पाठ्यक्रमों के परीक्षा परिणाम जारी

लखनऊ। लविवि ने बृहस्पतिवार को छह कोर्सों के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए। अभ्यर्थी लविवि की वेबसाइट पर विस्तृत परीक्षा परिणाम देख सकते हैं। किसी तरह की समस्या आने पर परीक्षा विभाग में संपर्क कर सकते हैं। जिन पाठ्यक्रमों के परिणाम जारी किए गए हैं उनमें पीजी डिप्लोमा इन ट्रांसलेशन, बीपीएड, एमएससी, बीएलएड, बीबीए और एमसीए शामिल हैं। (संवाद)

NBT PAGE 6

कैदियों को नई राह दिखाएंगे आर्ट्स कॉलेज के स्टूडेंट्स

■ एनबीटी सं, लखनऊ : एलयू के कला एवं शिल्प महाविद्यालय, ललित कला संकाय के स्टूडेंट्स जल्द ही जेल में कैदियों को पेंटिंग, डिजाइन, मूर्तिकला और विजुअल आर्ट्स की ट्रेनिंग देंगे। इसके लिए संकाय ने पूरा खाका तैयार किया है। अब इस प्रस्ताव को एलयू वीसी को भेजा जाएगा। ललित कला संकाय के अध्यक्ष डॉ.रतन कुमार ने बताया कि जेल में कैदियों को मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए स्किल्ड करना आवश्यक है। ऐसे में कैदियों को पेंटिंग, डिजाइन, मूर्तिकला और विजुअल आर्ट्स की ट्रेनिंग का पूरा प्रोग्राम तैयार किया गया है। पहले चरण में कैदियों की रुचि जानकार ट्रेनिंग प्रोग्राम कराया जाएगा। इसके बाद स्टूडेंट्स और शिक्षक जेल में जाकर इन कैदियों को ट्रेनिंग देंगे। संकायाध्यक्ष ने बताया कि भविष्य में कैदियों के लिए कोर्स भी तैयार किए जाएंगे और इसके सर्टिफिकेट भी दिए जाएंगे। बाल व नारी सुधार गृह में भी यह प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जाएगा।

कॉलेज ने तैयार किया खाका, वीसी को भेजेंगे प्रस्ताव

LU में कोरियन कलाकारों ने किया भांगड़ा

■ एनबीटी सं, लखनऊ : एलयू के टैगोर लॉन में गुरुवार को 'के-पॉप टूर मीट एंड ग्रीट विद ऑरा एंड फ्राइडे' का आयोजन किया गया। यहां कोरियन कलाकारों ने स्टूडेंट्स के साथ भांगड़ा किया। एलयू की प्रो.मधुरिमा लाल ने बताया कि कार्यक्रम में एलयू की बीकॉम की छात्रा प्रियांशी ने भी कोरियाई सितारों को कोरियन पॉप सॉन्ग सुनाया। कार्यक्रम के दौरान प्रो. रचना मुज्जू, प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, प्रो.अनुप कुमार भारतीय, प्रो.बबीता जयसवाल भी मौजूद रहे।

बीपीएड, एमसीए समेत कई पाठ्यक्रमों के रिजल्ट जारी

लखनऊ, संवाददाता। एलयू ने कई पाठ्यक्रमों के परीक्षा परिणाम गुरुवार को घोषित कर दिया है।

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी के मुताबिक पीजी डिप्लोमा इन ट्रांसलेशन में दूसरे सेमेस्टर, बीपीएड में चौथे सेमेस्टर, एमएससी चौथे सेमेस्टर, बीएलएड चौथे सेमेस्टर, बीबीए चौथे सेमेस्टर और एमसीए दूसरे सेमेस्टर के परिणाम वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। एलयू में एलएलबी तीन वर्ष और एमबीए/एटीटीएम में तीसरा सीट अलॉटमेंट जारी कर दिया है। अभ्यर्थी पूर्व में मिले लॉगिन आईडी की मदद से सीट अलॉटमेंट देख सकते हैं। अभ्यर्थी 16 सितम्बर की रात 12 बजे तक फीस जमा कर सकेंगे। समस्या पर प्रवेश समन्वयक से सम्पर्क कर सकता है।

बीटेक समेत कई कोर्स में च्वाइस फिलिंग आज से

लखनऊ। एकेटीयू में बीटेक सहित कई यूजी-पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए शुक्रवार से काउंसलिंग शुरू हो जाएगी। अभ्यर्थी ऑनलाइन ब्रांच और कॉलेज का विकल्प चुन सकते हैं। बीफार्मा में एप्लिकेशन के लिए भी रजिस्ट्रेशन आरंभ होगा।

HINDUSTAN PAGE 6

हिन्दी संग संस्कृति के प्रचार को एलयू प्रतिबद्ध: कुलपति

आयोजन

■ एलयू, कॉलेजों में हिंदी दिवस पर हुए कार्यक्रम
■ विवि व कॉलेजों में प्रतियोगिताएं भी हुईं

लखनऊ, संवाददाता। हिंदी दिवस के मौके पर एलयू के अलग-अलग विभागों और संबद्ध कॉलेजों में कई तरह के आयोजन हुए। एलयू के अंतरराष्ट्रीय प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि विवि हिन्दी भाषा के साथ भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए भी प्रतिबद्ध है। एपी सेन सभागार में हिन्दी विभाग व काव्योम फाउंडेशन के कार्यक्रम में छात्र वरुण शुक्ल का काव्यसंग्रह का विमोचन हुआ। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी और एप्लाइड विज्ञान व ह्यूमैनिटीज विभाग द्वारा कविता व निबंध लेखन जैसी प्रतियोगिताएं हुईं। शिवांश व विवेक प्रथम रहे।

कृष्णा देवी गर्ल्स की प्राचार्या प्रोफेसर सारिका दुबे ने बताया कि भारतीय भाषाओं की उत्पत्ति और हिंदी का राष्ट्रीय महत्व पर चर्चा हुई। मुख्य अतिथि ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के अध्यक्ष शैलेंद्र दुबे रहे। नवयुग कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. मंजुला उपाध्याय के मुताबिक, ह्यहिंदी कल आज और कलह्न पर संगोष्ठी रखी गई। कहा कि हमारी भाषा हमें संस्कार और अनुशासन सिखाती है। हिंदी भाषा सबको जोड़ती है। सुभाष कॉलेज की प्राचार्या प्रो. अनुराधा तिवारी ने बताया कि पोस्टर प्रतियोगिता में 46 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रथम स्थान प्रियंका धीमान ने प्राप्त किया। एपी सेन कॉलेज की प्राचार्या प्रो. रचना श्रीवास्तव का कहना है कि निबंध, कहानी, आशु भाषण, सुस्वर सहित कई प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। शालिनी, मधु, प्राची, मीनाक्षी समेत कई अन्य विजेता रहीं।

बोनसाई पौध पालन बागवानी सीखेंगे

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में नए यूजी अध्यादेश में चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम में कौशल विकास के कई विकल्प होंगे। इसके जरिए विद्यार्थी बोन्साई पौध पालन, बागवानी और लैंडस्केपिंग जैसे कोर्स सीख सकेंगे। 12 सितम्बर को हुई एकेडमिक काउंसिल की बैठक में मंजूरी दी गई है। कुलपति प्रो. आलोक राय ने बताया कि नए को-करिकुलर और वोकेशनल पाठ्यक्रमों को संस्तुति मिली है। छात्र बोन्साई पौध पालन, बागवानी, लैंडस्केपिंग, प्रभावी विज्ञान संवाद, साक्षात्कार तैयारी, भारतीय भूमिरचना विज्ञान, भारतीय ज्ञान प्रणाली व अन्य कोर्स सीख सकेंगे।

JAGRAN CITY PAGE III

अब इंटीग्रेटेड एमटेक की डिग्री भी देगा लवि

जागरण संवाददाता, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय से नई शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत बीटेक करने वाले छात्र-छात्राओं को अब एक साल में इंटीग्रेटेड एमटेक की डिग्री भी मिल सकेगी। इसके लिए विद्यार्थियों को बीटेक के तीसरे साल में विकल्प देना होगा। बीटेक में 7.5 या उससे ऊपर सीजीपीए पाने वाले ही इसके लिए पात्र होंगे। हाल ही में हुई एकेडमिक काउंसिल की बैठक में इंजीनियरिंग संकाय के इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है।

लवि के टैगोर लान में गुरुवार को के-पाप टूर मीट एंड ग्रीट विद आरा एंड फ्राइडे कार्यक्रम में दक्षिण कोरिया के पाप सितारों ने डांस कर गीत प्रस्तुत किए। ■ तौकबत : लवि

लवि में इसी सत्र से एनईपी के अंतर्गत बीटेक की पढ़ाई शुरू होगी। विद्यार्थी एक साल के बाद प्रमाण पत्र, दो साल में डिप्लोमा, तीसरे में एडवांस और चौथे साल में बीटेक या बीटेक विथ रिसर्च की डिग्री ले सकेंगे। इंजीनियरिंग संकाय के डीन प्रोफेसर एके सिंह ने बताया कि इस सत्र से पार्ट टाइम एमटेक कोर्स शुरू किया गया है। अब बीटेक (एनईपी) वालों को एक साल के इंटीग्रेटेड एमटेक कोर्स करने की सुविधा भी दी जाएगी। इसको फीस अभी तय नहीं है। वित्त समिति में इसका प्रस्ताव भेजा जाएगा।

अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए शार्ट टर्म कोर्स की सुविधा

एकेडमिक काउंसिल की बैठक में अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए शार्ट टर्म कोर्स का प्रस्ताव भी मंजूर किया गया है। इसके तहत कोई विदेशी छात्र-छात्रा जो किसी भी विश्वविद्यालय में पढ़ रहा है। वह लवि में किसी विषय में एक सेमेस्टर के लिए कोर्स दो या अधिक फेर पढ़ सकेगा। इसके लिए प्रति फेर 300 डालर फीस देनी होगी। टेक्सटाइल डिजाइन की भी डिग्री : दलत एवं शिल्प महाविद्यालय में अब अगले सत्र से एमए टेक्सटाइल डिजाइन में भी दाखिले शुरू होंगे। इस कोर्स में पांच सीटें निर्धारित की गई हैं। संकाय अध्यक्ष डा. रतन कुमार ने बताया कि पीजी स्तर पर शुरू होने वाले इस कोर्स की प्रति सेमेस्टर फीस 20 हजार रुपये होगी।

पार्ट टाइम एमटेक में एआइ, साइबर सिक्योरिटी की भी फ्लाई : अब अगले सत्र से एमटेक पार्ट टाइम कंप्यूटर साइंस में दो स्पेशलाइजेशन भी फिर जा सकेंगे। पहला आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और दूसरा साइबर सिक्योरिटी है। इसका प्रस्ताव भी बैठक में पास हो गया है। वहीं, लविवि और कालेजों में बीसीए कोर्स अब एनईपी के अंतर्गत संचालित होगा।

स्नातक में इंटर्नशिप, नए कोर्सों का भी विकल्प

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक के छात्र-छात्राओं में कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए कई नए वोकेशनल व को-करिकुलर पाठ्यक्रमों को पढ़ाने का विकल्प दिया है। इसके तहत छात्र-छात्राएं बॉक्स वीड पौध पालन, बागवानी और लैंडस्केपिंग, प्रभावी विज्ञान संवाद, साक्षात्कार की तैयारी, भारतीय भूमि रचना विज्ञान, भारतीय ज्ञान प्रणाली सहित कई पाठ्यक्रम पढ़ सकेंगे। इन पाठ्यक्रमों का चयन उन्हें प्रारंभिक चार सेमेस्टरों मंच करना होगा। वहीं, पांचवें सेमेस्टर में चार से छह सप्ताह की इंटर्नशिप का भी विकल्प रहेगा।

वहीं 12 सितंबर को हुई एकेडिक काउंसिल की बैठक में लवि ने चार वर्षीय स्नातक संशोधित अध्यादेश को मंजूरी दी है। नए पाठ्यक्रम और अध्यादेश में छात्र-छात्राओं के अंदर कौशल विकास पर जोर देने का प्राथमिक चार सेमेस्टरों मंच करना होगा। वहीं, पांचवें सेमेस्टर में चार से छह सप्ताह की इंटर्नशिप का भी विकल्प रहेगा।

पांचवें सेमेस्टर में ये होगी व्यवस्था : पांचवें सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को एक प्रमुख मुख्य विषय का चयन करने का विकल्प प्रदान किया जाएगा। यह पहले चार सेमेस्टरों में पढ़े गए दो मुख्य विषयों में से एक होगा। इस चयन के बाद छात्र-छात्राओं को पांचवें सेमेस्टर में अपने प्रमुख मुख्य विषय में चार से छह सप्ताह की इंटर्नशिप या एक टर्म पेपर या माइनर प्रोजेक्ट करने का विकल्प चुनना होगा। इंटर्नशिप का विकल्प छात्रों को प्रमुख विषय में वास्तविक दुनिया का अनुभव प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। इससे नौकरी की खोज के दौरान छात्रों को एक अतिरिक्त लाभ भी मिल सकेगा। शैक्षिक क्षेत्रों में करियर चयनने के इच्छुक छात्र-छात्राएं इंटर्नशिप की जगह टर्म पेपर या माइनर प्रोजेक्ट्स का चयन कर सकते हैं।

> लगातार विद्यार्थियों को उनके करियर व रुचियों को पूरा करने के लिए अधिक विकल्प प्रदान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इन विकल्पों और उनके प्रदान की गई शैक्षिक स्वतंत्रता का विद्यार्थी पूरा फायदा उठा सकेंगे।
> प्रो. आलोक कुमार राय, कुलपति, लवि

PIONEER PAGE 3

व्यक्ति का केवल ईमानदार होना ही पर्याप्त नहीं: स्वामी धर्मबन्धु

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षाशास्त्र विभाग की तरफ से गुरुवार को भारतीय संस्कृति और उदीयमान तकनीकी विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरम्भ में विभाग के विभागाध्यक्ष एवं संकायाध्यक्ष प्रो. दिनेश कुमार द्वारा स्वामी धर्मबन्धु संस्थापक श्री वैदिक मिशन ट्रस्ट, राजकोट गुजरात का स्वागत किया गया।

अपने संबोधन में स्वामी ने जीवन को शान्तिपूर्वक जीने और सफलता प्राप्त करने के मूलभूत बिन्दुओं की चर्चा की। स्वामी जी ने कहा कि कुछ देश अल्पसंसाधनों के बावजूद विकसित देशों की श्रेणी में आते हैं क्योंकि उन्होंने अपने प्राकृतिक संसाधनों का बेहतर ढंग से उपयोग किया है। उच्च शिक्षा को लेकर स्वामी ने कहा कि विभिन्न देशों में उच्च शिक्षा का स्तर भारत की तुलना में अच्छा होने के बावजूद कोरोना के वैक्सीन नहीं बना पाये जबकि भारत ने पूरी दुनिया को कोरोना की वैक्सीन उपलब्ध करा दी। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा के लिए गुणवत्ता एवं तकनीकी कौशल ज्यादा महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हमें संविधान का सम्मान करना चाहिये व्यक्ति के जीवन में नैतिकता अत्यन्त आवश्यक होती है, जीवन नैतिकता पर आधारित होना चाहिए। नैतिकता के साथ.साथ व्यक्ति को ईमानदार होना चाहिए और व्यक्ति का केवल ईमानदार होना ही पर्याप्त नहीं है अपितु ईमानदारी आचरण में भी परिलक्षित होनी चाहिए।

हिंदी मात्र भाषा नहीं है बल्कि विचार आंदोलन और संस्कृति : प्रो. दीक्षित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

हिन्दी दिवस पर गुरुवार को लखनऊ विश्वविद्यालय में हिन्दी तथा आधुनिक भारतीय भाषा विभाग एवं काव्योम फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में हिन्दी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में प्रो सूर्यप्रसाद दीक्षित और विशिष्ट अतिथियों के रूप में संकाय अध्यक्ष प्रो अरविंद अवस्थी और डॉ सूर्यकुमार पांडेय उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के छात्र.छात्राओं द्वारा कुलगीत की मंजुर प्रस्तुति एवं सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

मुख्य वक्ता डॉ सूर्यप्रसाद दीक्षित ने अपने संबोधन में हिंदी की ऐतिहासिक विकास यात्रा पर प्रकाश डाला। अपने वक्तव्य में उन्होंने बताया कि आज हिंदी केवल उत्तर भारत की ही नहीं है बल्कि पूरे विश्व में लोग अपने अपने तरीके से इसे अपना रहे हैं। हिंदी मात्र भाषा नहीं है बल्कि यह विचार आंदोलन और संस्कृति है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भाषा वही जीवित रहती है जो गृहणशील होती है। विशिष्ट अतिथि प्रो अरविंद अवस्थी ने अपने वक्तव्य के माध्यम से संतोष व्यक्त किया कि आज हिंदी विभिन्न संचार माध्यमों की सशक्त भाषा के रूप में अपनी पहचान बनाने में सफल हुई है। कार्यक्रम के अगले चरण में हिंदी तथा आधुनिक भारतीय भाषा विभाग में राजभाषा सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता रहे छात्र छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए गए।

कोरियाई पॉप संगीतकारों ने एलयू में बांधा समा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

भारत और दक्षिण कोरिया के बीच राजनयिक संबंधों के 50 साल पूरे होने का जश्न मनाने के लिए, संस्कृति, लखनऊ विश्वविद्यालय ने गुरुवार को को टैगोर लॉन में के.पॉप टूर मीट एंड ग्रीट विद ऑरा एंड फ्राइडे का आयोजन किया।

जत्थे का स्वागत टीका और ढोल नगाड़ों के साथ किया गया। प्रो मधुरिमा लाल और अन्य सदस्यों ने कोरियाई सदस्यों को गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया।

इस दौरान कोरियाई टीम और विश्वविद्यालय के छात्रों के प्रदर्शन से पूरे माहौल में हर्ष और उल्लास का माहौल बन गया। सभी ने इस परफॉर्मेंस का लुत्फ उठाया। आनंद की सीमा वहाँ आयी जब यूनिवर्सिटी के छात्रो ने कोरेन पॉप गीत गाया और कोरियाँ अतिथि टीम ने यूनिवर्सिटी के छात्रो के लिये नगाड़ो की थाप पर भंगड़ा किया।

एलएलबी, एमबीए, एमटीटीएम की तीसरी मेरिट लिस्ट जारी

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने की परास्नातक प्रवेश के तहत एलएलबी (तृतीय वर्ष), एमबीए/एमटीटीएम की तीसरी मेरिट लिस्ट जारी हो गई है। चयनित छात्र 16 तक फीस जमा कर सकते हैं। दूसरी ओर पीजी डिप्लोमा इन ट्रांसलेशन, बीपीईडी, एमएससी, बीएलईडी, बीबीए और एमसीए के समसेमेस्टर का परीक्षा परिणाम जारी हो गया है। परिणाम लविवि की वेबसाइट www. lkouniv .ac .in पर देख सकते हैं।

AMRIT VICHAR PAGE 4

कोरिया की टीम ने किया भांगड़ा

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के टैगोर लॉन में के-पॉप टूर मीट एंड ग्रीट विद ऑरा एंड फ्राइडे का आयोजन किया गया। कोरिया से आई टीम ने भांगड़ा किया जबकि लविवि के छात्रों ने कोरेन पाप गीत गाया। छात्रों के उत्साह, हरे-भरे लॉन और बैकग्राउंड म्यूजिक, ढोल की थाप ने पूरे माहौल को संगीतमय बना दिया है। जत्थे का स्वागत टीका और ढोल नगाड़ों के साथ किया गया। प्रो. मधुरिमा लाल और उनकी टीम ने कोरियाई पॉप सितारों के स्वागत के लिए मंच तैयार किया। छात्रों का उत्साह, हरे-भरे लॉन और बैकग्राउंड म्यूजिक, ढोल की थाप ने पूरे माहौल को संगीतमय बना दिया है। जत्थे का स्वागत टीका और ढोल नगाड़ों के साथ किया गया। प्रो. मधुरिमा लाल और उनकी टीम ने कोरियाई पॉप सितारों के स्वागत के लिए मंच तैयार किया। छात्रों का उत्साह, हरे-भरे लॉन और बैकग्राउंड म्यूजिक, ढोल की थाप ने पूरे माहौल को संगीतमय बना दिया है। जत्थे का स्वागत टीका और ढोल नगाड़ों के साथ किया गया। प्रो. मधुरिमा लाल और अन्य सदस्यों ने सभी को गुलदस्ता भेंट किया। कोरियाई टीम और लविवि के छात्रों के प्रदर्शन से पूरे माहौल में हर्ष और उल्लास का माहौल

ढोल नगाड़े पर झूमे दक्षिण कोरिया के गायक

जासं, लखनऊ : भारत और दक्षिण कोरिया के बीच राजनयिक संबंधों के 50 साल पूरे होने का जश्न मनाने के लिए गुरुवार को लखनऊ विश्वविद्यालय की संस्कृतिकी की ओर से टैगोर लान में के-पाप टूर मीट एंड ग्रीट विद आरा एंड फ्राइडे का आयोजन किया गया। प्रो. मधुरिमा लाल और उनकी टीम ने कोरियाई पाप सितारों के स्वागत के लिए मंच तैयार किया। छात्रों का उत्साह, बैकग्राउंड म्यूजिक, ढोल की थाप ने पूरे माहौल को संगीतम बना दिया।

टीम के सदस्यों का स्वागत टीका और ढोल नगाड़ों के साथ किया गया। विश्वविद्यालय के छात्रों ने कोरेन पाप गीत गाए। कोरिया की अतिथि टीम में शामिल आरा, मिमी, जिमी सहित अन्य सदस्यों ने ढोल नगाड़े की थाप पर भांगड़ा किया। सभी ने इस प्रस्तुति का खूब लुत्फ उठाया। इस अवसर पर टीम के सदस्यों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। टीम ने आखिरकार कुछ अच्छी यादें के साथ विदाई ली। कार्यक्रम के दौरान प्रो. रचना मुज्जू, प्रो. सुनीता श्रीवास्तव, प्रो. अनूप कुमार भारतीय, प्रो. बबीता जायसवाल एवं अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

एलएलबी, एमबीए का तीसरा सीट आवंटन जारी

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने एलएलबी तीन वर्षीय और एमबीए/एमटीटीएम पाठ्यक्रम में खाली सीटों के साथ्थ तीसरा सीट आवंटन का परिणाम जारी कर दिया है। सीट पाने वाले अभ्यर्थियों को 16 सितंबर को रात 12 बजे तक फीस जमा करनी होगी। कट आफ भी वेबसाइट पर देख सकते हैं। वहीं, बैचलर आफ विजुअल आर्ट (बीवीए) एवं बैचलर आफ फाइन आर्ट (बीएफए) की खाली सीटों के साथ्थ छठा सीट आवंटन जारी कर दिया। (जासं)

विदेशी छात्र-छात्राओं ने मनाया हिंदी दिवस

लखनऊ विश्वविद्यालय में गुरुवार को विदेशी छात्र-छात्राओं ने हिंदी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया। ■ तौकबत : लवि

लखनऊ विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय प्रकोष्ठ में हिंदी दिवस पर कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने विदेशी छात्रों को बधाई दी। ओरियो ने विदेशी भाषा विश्वविद्यालय में डा. आशीष पांडे ने हिंदी भाषा के व्याकरण व विभिन्नताएं पर व्याख्यान दिया। अंतरराष्ट्रीय प्रकोष्ठ के निदेशक डा. रवींद्र प्रताप सिंह मौजूद रहे।

परीक्षा के नतीजे घोषित

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने गुरुवार शाम को छह कोर्सों के नतीजे घोषित कर दिए। पीजी डिप्लोमा इन ट्रांसलेशन दूसरे, एमसीए दूसरे, बीबीए टूरिज्म, एम.एससी जियोलजी चौथे, बीपीएड चौथे, बीएलएड चौथे सेमेस्टर के छात्र-छात्राएं परिणाम वेबसाइट पर देख सकते हैं। (जासं)

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

विदेशी छात्रों ने बताया हिन्दी का महत्व

स्वतंत्र भारत संवाददातालखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय प्रकोष्ठ ने अंतरराष्ट्रीय हिन्दी दिवस का आयोजन किया। अंतरराष्ट्रीय छात्राओं को हिन्दी दिवस की बधाई देते हुए लविवि के कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने अपने बधाई संदेश में हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार और हिन्दी की बढ़ती प्रासंगिकता पर बल दिया। उन्होंने कहा, विश्वविद्यालय

अंतरराष्ट्रीय प्रकोष्ठ ने मनाया हिन्दी दिवस

हिन्दी भाषा के साथ-साथ भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए भी प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर अंग्रेजी और विदेशी भाषा लविवि से डा.आशीष पांडेय नए मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए हिन्दी भाषा के व्याकरण और विभिन्नतओं पर व्याख्यान दिया। समारोह में अंतर्राष्ट्रीय प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो.रवींद्र प्रताप सिंह ने हिन्दी के वैश्विक प्रचलन एवं हिन्दी और संस्कृत की सार्वभौमिकता पर भी अपने विचार प्रस्तुत किए। वहीं, श्रीलंका से विश्वविद्यालय में अध्ययनरत नजीफ़ा तबस्सुम डोला ने सिंहली भाषा और हिन्दी भाषा की समानताओं पर चर्चा की। कार्यक्रम में विभिन्न देशों से आए कई छात्रों ने प्रतिभागिता की। जिनमें श्रीलंका से आनंद, कंचना, मयूरी, कलानी और अफ़रीकी देशों से सन्दील, नसींबवा, रूसा एवं अन्य तथा बांग्लादेश से सादिया और अनन्ना। अफ़गानिस्तान के छात्र अहमद गुल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

भारत व दक्षिण कोरिया के बीच राजनयिक संबंधों का मनाया जश्न

स्वतंत्र भारत संवाददाता लखनऊ। भारत और दक्षिण कोरिया के बीच राजनयिक संबंधों के 50 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाने के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय, संस्कृति ने टैगोर लॉन में के-पॉप टूर मीट एंड ग्रीट विद ऑरा एंड फ्राइडे का आयोजन किया। प्रो.मधुरिमा लाल और उनकी टीम ने कोरियाई पॉप सितारों के स्वागत के लिए मंच तैयार किया। छात्रों का उत्साह, हरे-भरे लॉन और बैकग्राउंड म्यूजिक, ढोल की थाप ने पूरे माहौल को संगीतमय बना दिया है। जत्थे का स्वागत टीका और ढोल नगाड़ों के साथ किया गया। छात्रों की खुशी और बधाई के बीच प्रो.मधुरिमा लाल और अन्य सदस्यों ने सभी को गुलदस्ता भेंट किया। कोरियाई टीम और लविवि के छात्रों के प्रदर्शन से पूरे माहौल में हर्ष और उल्लास का माहौल

बन गया। पूरा माहौल अचानक संगीतमय हो गया और सभी ने इन मनमोहक प्रस्तुतियों का खूब लुत्फ उठाया। आनंद की सीमा वहाँ आयी जब यूनिवर्सिटी के छात्रो ने कोरेन पॉप गीत गाया और कोरियाँ अतिथि टीम ने यूनिवर्सिटी के छात्रो के लिये नगाड़ो की थाप पर भंगड़ा किया।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 7

लविवि छात्रों के साथ कोरियाई टीम ने लगाये ठुमके

वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ। भारत और दक्षिण कोरिया के बीच राजनयिक संबंधों के 50 साल पूरे होने का जश्न मनाने के लिए संस्कृति, लखनऊ विश्वविद्यालय ने गुरुवार को टैगोर लॉन में के-पॉप टूर मीट एंड ग्रीट विद ऑरा एंड फ्राइडे का आयोजन किया है। प्रो. मधुरिमा लाल और उनकी टीम ने कोरियाई पॉप सितारों के स्वागत के लिए मंच तैयार किया। छात्रों का उत्साह, हरे-भरे लॉन और बैकग्राउंड म्यूजिक, ढोल की थाप ने पूरे माहौल को संगीतमय बना दिया है। जत्थे का स्वागत टीका और ढोल नगाड़ों के साथ किया गया। छात्रों की खुशी और बधाई के बीच प्रो.मधुरिमा लाल और अन्य सदस्यों ने सभी को गुलदस्ता भेंट किया। कोर